सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 62 | इंदौर, शुक्रवार 13 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



isha

बाजार और रिश्तों के, दौलत और जायदाद के, देवतावों और शैतानों के शोरगुल से परे, मौन का एक मंदिर है। यहीं पर प्राणी बनाए और मिटाए जाते हैं।

– जग्गी वासुदेव

## Headline

1. नई दिल्ली : 'दो लोगों की रील खूब वायरल हुई...', नवदीप और शीतल से बोले पीएम मोदी, योगेश ने कहा- PM का मतलब परम मित्र

2. Haryana Polls: तय समय से 52 दिन पहले भंग हुई हरियाणा विधानसभा

3. अब बलिया पैसेंजर पलटाने की साजिश: रेलवे ट्रैक पर तीन मीटर तक रख दीं गिट्टियां... इंजन पर पथराव, तीन गिरफ्तार

# 25 साल बाद मध्यप्रदेश में सरकार खरीदेगी सोयाबीन

## 4892 रु/क्विंटल एमएसपी पर मार्कफेड के जरिए 21 अक्टूबर से खरीदी की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में करीब 25 साल बाद सोयाबीन की सरकारी खरीद होने जा रही है। सोयाबीन उत्पादक किसानों के आंदोलन को बढ़ता देख डॉ. मोहन यादव सरकार ने 10 सितंबर को 4892 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन खरीदी कराने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा। इसे 24 घंटे में ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंजूरी भी दे दी।

सहकारिता विभाग के एक रिटायर्ड अधिकारी ने बताया कि दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रित्वकाल में तिलहन संघ के जरिए सोयाबीन की खरीदी होती थी। इसके बाद बीजेपी सत्ता में आई और तिलहन संघ बंद होने के बाद सोयाबीन की खरीदी भी खत्म कर दी गई।

### एमपी डिमांड करेगा तो परमिशन देंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 10 सितंबर की सुबह भोपाल में कहा था कि एमपी सरकार जैसी डिमांड करेगी, वैसे ही केंद्र सरकार सोयाबीन की खरीदी कराएगी। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4 हजार 994 रुपए प्रति क्विंटल तय है। हमारी प्रतिबद्धता है कि किसानों का सोयाबीन एमएसपी पर खरीदेंगे। शिवराज के इस बयान के 5 घंटे बाद हुई डॉ. मोहन कैबिनेट की मीटिंग में सोयाबीन के दाम 4892 रुपए करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने की मंजूरी दे दी गई थी।

### सिर्फ 40 फीसदी सोयाबीन खरीद होगी, किसान चिंतित

संयुक्त किसान मोर्चा के प्रदेश प्रभारी और पूर्व विधायक डॉ. सुनीलम कहते हैं कि जो एमएसपी सरकार ने तय की है, वो मूल्य आयोग द्वारा पहले से निर्धारित है। लागत के हिसाब से यह भी बहुत कम है। सिर्फ 40 फीसदी सोयाबीन ही सरकार खरीदेगी। यह अन्याय है।



### एमपी में सडक़ों पर उतरेंगे किसान इसी हफ्ते बड़ा आंदोलन

उधर, मध्यप्रदेश में भले ही 4892 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर पर सोयाबीन खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन किसान 6 हजार रुपए समर्थन मूल्य की मांग पर अड़े हैं। इधर, सरकार ने समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की तारीख तय कर दी है। खरीदी 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक की जाएगी। इसके लिए 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकेंगे। वहीं अपनी मांग को लेकर किसान संगठनों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन की रणनीति तय की है। भोपाल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कहा है कि 'जो राशि सरकार ने तय की है, वो मूल्य आयोग ने पहले ही तय कर रखा है। हम चाहते हैं कि 6000 रुपए का रेट सोयाबीन के लिए मिलना चाहिए। आंजना ने कहा- इसके लिए 16 सितंबर को बड़ा आंदोलन होगा। जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। चक्काजाम करेंगे। कुछ भी हो सकता है। किसानों की 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की मांग को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है।

### एमपी में सडक़ों पर उतरेंगे किसान इसी हफ्ते बड़ा आंदोलन

उधर, मध्यप्रदेश में भले ही 4892 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की दर पर सोयाबीन खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल चुकी है, लेकिन किसान 6 हजार रुपए समर्थन मूल्य की मांग पर अड़े हैं। इधर, सरकार ने समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी की तारीख तय कर दी है। खरीदी 25 अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक की जाएगी। इसके लिए 25 सितंबर से 15 अक्टूबर तक रजिस्ट्रेशन हो सकेंगे। वहीं अपनी मांग को लेकर किसान संगठनों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन की रणनीति तय की है। भोपाल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कहा है कि 'जो राशि सरकार ने तय की है, वो मूल्य आयोग ने पहले ही तय कर रखा है। हम चाहते हैं कि 6000 रुपए का रेट सोयाबीन के लिए मिलना चाहिए। आंजना ने कहा- इसके लिए 16 सितंबर को बड़ा आंदोलन होगा। जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। चक्काजाम करेंगे। कुछ भी हो सकता है। किसानों की 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की मांग को कांग्रेस ने भी समर्थन दिया है।

# आज होने वाली संघ की बैठक में शामिल हो सकते है संघ प्रमुख मोहन भागवत

## देशभर से 200 पदाधिकारी आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की तीन दिनी बैठक इंदौर में 13 सितंबर से होने जा रही है। इसमें 200 पदाधिकारी शामिल होंगे और संगठनों की आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तय करेंगे। अगले साल आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं।इस लिहाज से यह बैठक काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बीते दो साल से संघ के अनुषांगिक संगठनों ने कई गतिविधियां देशभर में संचालित कीं। अयोध्या में राम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश भर में माहौल बना। आरएसएस से जुड़े संगठनों ने इसके लिए कई आयोजन किए। अगले साल भी संघ इन संगठनों की माध्यम से सामाजिक गतिविधियों में ज्यादा हिस्सेदारी करेगा। इसकी रणनीति समन्वय बैठक में बनेगी।**

लोकसभा चुनाव के बाद समन्वय विभाग की अखिल भारतीय स्तर की यह पहली बैठक है। बैठक में केंद्रीय स्तर के कुछ पदाधिकारी शामिल होंगे, जबकि देशभर से 200 से ज्यादा पदाधिकारी आएंगे। भाजपा के कुछ पदाधिकारी भी बैठक का हिस्सा हो सकते हैं। पांच साल पहले भी यह बैठक बायपास के एक गार्डन में हुई थी। इस बार यह बैठक बायपास स्थित अग्रसेन भवन में होगी।

आरएसएस अपने स्थापना के 100 वर्ष के उपलक्ष्य में कोई बड़ा आयोजन नहीं कर रहा है। संघ मालवा प्रांत में सबसे मजबूत है। वर्षगांठ के मौके पर इंदौर में राऊ स्थित स्कूल में एक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल हो सकते हैं। संघ इस साल भी सामाजिक समरसता और समाजों में पैठ बनाने पर फोकस करेगा, ताकि समाज के लोग संघ की विचारधारा से जुड़ सकें।

## मां महालक्ष्मी को नम आंखों से दी विदाई, महिलाओं ने किया हल्दी कुमकुम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तीन दिनी महालक्ष्मी उत्सव के तीसरे दिन रामनगर सुखलिया निवासी महाराष्ट्रीयन परिवार में महालक्ष्मी व ज्येष्ठा- कनिष्ठा को नम आंखों से विदाई दी। कुंजीर परिवार की प्रमुख निहारिका कुंजिर, रिया कुंजीर , संध्या कुंजीर ने बताया कि हमारे यहां मंगलवार को ज्येष्ठा - कनिष्ठा की स्थापना की गई थीं, गुरुवार द्वितीय दिवस को पूरन पोली का महानैवद् छप्पन भोग लगा,सौभाग्यवतीयो ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठा - कनिष्ठा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। महालक्ष्मी पूजन के तीसरे दिन गुरूवार को महिलाओ ने एक दुसरे को हल्दी कुमकुम लगाया,और नम आंखों से विदाई दी। जब महालक्ष्मी का आगमन होता है तब खुशी से अगवानी की जाती है जब महालक्ष्मी की विदाई हुई तो उन्हें नम आंखों से विदाई दी गई।

## मुख्यमंत्री से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने मुलाकात की

**इंदौर।** अभी हाल ही में अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की ।उन्होंने अपनी पुस्तक मोदी 3.0 भी मुख्यमंत्री यादव को भेट की। साथ ही भविष्य में युवाओं को लेकर एक सार्थक प्रोग्राम मध्य प्रदेश में करने की भी योजना बनाई गई, जिस से प्रधान मंत्री मोदी के विजन अनुसार युवाओं को राष्ट्र निर्माण में महती भूमिका के लिए ट्रेनिंग दी जा सके ।

# गृह ज्योति योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को दी 147 करोड़ की सब्सिडी

### मालवा-निमाड़ के 30.14 लाख उपभोक्ताओं को मिली 1 रूपए यूनिट में बिजली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। प्रदेश शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली अटल गृह ज्योति योजना का पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। पिछले एक माह के दौरान मालवा निमाड़ के 15 जिलों के 30 लाख 14 हजार उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिला है। इन्हें 147 करोड़ रूपए की सब्सिडी प्रदान की गई है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इस महत्वपूर्ण योजना के तहत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रथम सौ यूनिट तक बिजली एक रूपए यूनिट तक दी जाती है। सौ यूनिट से 150 यूनिट तक खपत होने पर 100 यूनिट के बाद प्रचलित दर से बिल तैयार होता है। तीस दिन के अंतराल में 150 यूनिट कुल खपत या प्रतिदिन पांच यूनिट औसत खपत से ज्यादा होने पर उस माह की सब्सिडी प्रदान नहीं की जाती है। उन्होंने बताया कि पिछले एक माह के दौरान मालवा-निमाड़ में 30 लाख 14 हजार उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना से लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित उपभोक्ताओं के बिल में 542 रूपए तक की अधिकतम सब्सिडी दी गई है। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि इंदौर जिले में करीब 4 लाख उपभोक्ता योजना से लाभान्वित हुए है। धार जिले में 3.20 लाख, उज्जैन जिले में 2.72 लाख, खरगोन जिले में 2.66 लाख, रतलाम जिले में 2.23 लाख, मंदसौर जिले में 2.16 लाख, देवास जिले में 2.15 लाख एवं अन्य जिलों खंडवा, बड़वानी, नीमच, शाजापुर, आगर, झाबुआ, बुरहानपुर, आलीराजपुर में 78 हजार से लेकर 1.90 लाख उपभोक्ताओं को अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत सब्सिडी प्रदान की गई है।

# निगम ने दुकादारों से वसूला बकाया किराया किराया जमा नहीं करने पर दिया झटका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम के स्वामित्व वाले कई मार्केट है, जिसमें सैकड़ों दुकाने किराय पर चल रही है। निगम के कई मार्केटों के किरायदार ऐसे है जिन पर किराय के नाम पर हजारों रुपए बकाया है। बकाया वसूली करने के लिए निगम ने अभियान शुरु किया है। इसी अभियान के तहत नगर निगम ने मनोरमागंज स्थित अपने स्वामित्व वाले मार्केट की दुकानों के किरायदारों को किराया नहीं दिए जाने पर ऐसा झटका दिया की दुकानदारों को ताबड़तोड़ दुकान का किराया जमा करना पड़ा। जब दुकानदार किराया जमा नहीं कर रहे थे तो निगम उनकी दुकानों पर ताले लगा रखा था। इसी डर से किरायदारों ने फटाफट किराया जमा कर दिया।**

जानकारी के मुताबिक मनोरमागंज में निगम की मार्केट है जिसमें 15 से भी अधिक दुकानें है। इसमें से 10 दुकानों के किरायदार ऐसे है जिन पर 8 लाख रुपया किराए का बकाया है। बताया गया है की निगम के मार्केट विभाग के अधिकारी दुकानदारों से किराया वसूलने पहुंचे। किराया जमा नहीं करने पर निगम के अधिकारियों ने मौके पर ही दुकानों पर ताले लगाना शुरु कर दिए। इसी दौरान दुकानदारों ने हाथोंहाथ चेक देकर बकाया राशि जमा कर दी।

शहर में कई जगह निगम के मार्केट है। इन माकेर्टों में निगम ने दुकानों को किराए पर दे रखा है, लेकिन कई दुकानदार किराया नहीं देते हैं। इसके चलते दुकानदारों पर लाखों रुपए किराया बकाया हो गया है, जिसकी वसूली में निगम का मार्केट विभाग लगा है। कल मनोरमागंज स्थित मार्केट में बनी 10 दुकानों पर 8 लाख रुपए किराया बकाया होने पर वसूली के लिए मार्केट विभाग के अफसर पहुंचे। दुकानदारों ने किराया देने में आनाकानी की तो मार्केट विभाग के अफसरों ने सभी 10 दुकानों पर ताले लगा दिए। यह देख दुकानदारों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दुकान खुलवाने के लिए इधर-उधर फोन भी लगाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस पर दुकानदारों ने दुकानों के ताले खुलवाने के लिए हाथोंहाथ बकाया किराया राशि का चेक दिया। इसके बाद दुकानों के ताले खोल दिए गए। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अगर चेक बाउंस हो गया तो फिर से दुकानों पर ताले लगा दिए जाएंगे और तब तक नहीं खोले जाएंगे जब तक पूरा किराया निगम में जमा नहीं होगा।

# इंदौर एयरपोर्ट 40 लाख यात्रियों का करेगा आंकड़ा पार

### 2023 के मुकाबले इस साल अब तक 2 लाख 19 हजार से ज्यादा यात्रियों ने किया सफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर एयरपोर्ट हवाई इतिहास में साल 2024 सबसे खास बनने जा रहा है। दरअसल, 2024 में इंदौर एयरपोर्ट से अभी तक 25 लाख 19 हजार 217 से ज्यादा यात्री सफर कर चुके है। यह आंकड़ा 2023 के मुकाबले ज्यादा है। 2023 के शुरूआती 8 माह (जनवरी 2023 से अगस्त 2028) के मुकाबले 2024 में अभी तक 2 लाख 19 हजार से ज्यादा यात्री इंदौर एयरपोर्ट से सफर कर चुके हैं।

इंदौर एयरपोर्ट से बढ़ते यात्रियों के आंकड़ों को देखते हुए इस सेक्टर से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर यात्रियों के बढ़ने का यहीं ट्रेंड रहा तो यहां के 87 साल इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब यात्रियों का आंकड़ा 40 लाख को पार कर जाएगा।

एयरपोर्ट अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 तक इंदौर एयरपोर्ट से 22 लाख 99 हजार 494 यात्रियों ने सफर किया था। वहीं इस साल जनवरी 2024 से लेकर अगस्त 2024 तक 25 लाख 19 हजार 217 यात्री सफर कर चुके है। यानी पिछले साल के मुकाबले 2 लाख 19 हजार 723 ज्यादा यात्री ने सफर किया है। इन आंकड़ों ने इंदौर को एक बार फिर सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना दिया है।

### इस साल अभी तक अगस्त रहा सबसे ज्यादा यात्री वाला महीना

एयरपोर्ट अथॉरिटी की रिपोर्ट के मुताबिक इस साल अगस्त ने न सिर्फ जुलाई का, बल्कि पिछले चार महीनों का रिकार्ड तोड़ा है। अप्रैल में जहां इंदौर से 2 लाख 95 हजार, मई में 3 लाख 18 हजार, जून में 3 लाख 11 हजार और जुलाई में 3 लाख 4 हजार यात्रियों ने सफर किया था।

इस तरह अप्रैल से अगस्त के बीच अगस्त 3 लाख 20 हजार यात्रियों के साथ सबसे ज्यादा यात्रियों वाला महीना रहा है। वहीं इससे पहले इस साल सबसे ज्यादा यात्री मार्च में 3 लाख 34 हजार के रूप में मिले थे। यात्रियों में यह इजाफा उड़ानें मई बढ़ने से भी हुआ है।

### 2019 में 30 लाख यात्रियों ने किया था सफर

2023 में इंदौर एयरपोर्ट से 35 लाख 39 हजार 406 यात्रियों ने सफर किया है। उड़ानों और यात्रियों की संख्या के मान से यह इतिहास में इंदौर के सबसे बड़े आंकड़े हैं। इससे पहले साल 2019 में इंदौर से 30 लाख 24 हजार 364 यात्रियों ने सफर किया था।

### इस साल फ्लाइट की संख्या भी बढ़ी

इंदौर से इस साल फ्लाइट की संख्या में भी इजाफा हुआ है। पिछले साल 1 जनवरी 2023 से 31 अगस्त 2023 तक 18 हजार 511 उड़ानों का संचालन किया गया था तो वहीं इस साल 1 जनवरी 2024 से 31 अगस्त 2024 तक 20 हजार 369 फ्लाइट का संचालन किया जा चुका है। यानी की पिछले साल के मुकाबले 1 हजार 8 सौ 58 ज्यादा फ्लाइट का संचालन इंदौर एयरपोर्ट से हुआ है।

## निशुल्क आर्टिफिशियल लिम्ब शिविर 15 को

### एमपी के 750 से ज्यादा दिव्यांगों को लगेंगे नारायण लिम्ब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। देश-विदेश में दिव्यांगजनों और मानव सेवा के लिए पहचाने जाने वाले उदयपुर के नारायण सेवा संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश के दिव्यांगों के लिए 15 सितम्बर को निःशुल्क नारायण लिम्ब- कैलीपर्स फिटमेंट शिविर व भामाशाह सम्मान समारोह का विशाल आयोजन इंदौर में होगा। यह शिविर दस्तूर गार्डन, फूटी कोठी रिंग रोड पर 15 सितम्बर को प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक चलेगा। संस्थान मीडिया एवं जनसंपर्क निदेशक भगवान प्रसाद गौड़ ने जानकारी देते हुए कहा संस्थान विभिन्न राज्यों के दिव्यांग बन्धुओं को उनके घर शहर के नजदीक लाभान्वित करने के लिए विगत 39 वर्षों से प्रयासरत हैं। इसी श्रृंखला में नारायण सेवा ने 2 जून को निःशुल्क नारायण लिंब मेजरमेंट कैंप का आयोजन माणिक बाग में किया था। जिसमें 1300 रोगी आए थे। इनमें से 766 जन ऐसे थे जो सड़क दुर्घटना या किसी हादसे से हाथ-पैर खोकर दिव्यांगता का शिकार हो गए थे। उनका चयन करते हुए संस्थान ने नारायण लिम्ब के लिए मेजरमेंट लिया। अब संस्थान पुनः शिविर उन चयनित दिव्यांगजनों की राह आसान कर उनके सपनों को पंख देगा। इस शिविर के लिए स्थानीय संगठन श्रीअन्नपूर्णा क्षेत्र माहेश्वरी सोशल ग्रुप, स्वर्णिम फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केंद्रीय समिति, सर्व ब्रह्माण समाज, श्वेतांबर जैन महासंघ, अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन, लायंस क्लब, सराफ़ा एसोसिएशन, गुजराती समाज सहित 21 से अधिक समाज सेवी संघ जुड़े है।

# नशे के चंगुल में फंसने से कैसे बचें, छात्रों को मार्गदर्शन दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नारकोटिक्स विंग जहां ड्रग्स कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष अभियान चला रही वहीं समाज को नशे से दूर रहने के लिए जागरुकता अभियान भी चला रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को नारकोटिक्स विंग इंदौर द्वारा 'नशामुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल किला मैदान के छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के नशे के दुष्परिणामों और उसके सामाजिक जीवन में पडने वाले प्रभावों की जानकारी दी।

नशे के चंगुल में फंसने से कैसे बचा जा सकता है, इस पर भी छात्रों को मार्गदर्शन दिया गया। किसी व्यक्ति के व्यसनी होने पर उसके पुनरुत्थान हेतु नशा मुक्ति केंद्रों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही छात्रों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत अपने शिक्षकों और पुलिस को देने के लिए 7049108852, 1933, 14446 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 की संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहा जिन्हें नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में डीएसपी प्रीति तिवारी, निरीक्षक पदमसिंह कायत ने स्टूडेंट्स से कहा कि जो भी नशे का शिकार होता है उसके साथ ही पूरा परिवार दुखी हो जाता है। नशा आपका जीवन खराब कर देता है। आप जीवन में बड़ा आदमी बनना चाहते हैं,देश हित में कुछ करना चाहते हैं। परिवार की जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं,सुख पूर्वक जीवन निर्वाह करना चाहते हैं तो नशे से दूरी बनाकर रखें। यदि आप नशे से दूर रहेंगे तो अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी और नशे की लत का शिकार हुए तो जीवन बर्बाद हो जाएगा। उनकी बातों को ध्यान से सुनने के बाद सभी ने नशे से दूर रहने की शपथ ली। उल्लेखनीय है कि नारकोटिक्स विंग जहां ड्रग कारोबारियों को पकडकर उन्हें सलाखों के पीछे कर रही है वहीं नशे के प्रति जागरुकता अभियान भी चला रही है।

## कन्या छात्रावास के भृत्य की गंदी हरकत, पुलिस ने किया गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरूवार सुबह गर्ल्स होस्टल की छात्राएं,वार्डन के साथ थाने पहुंची। उनका आरोप था कि गर्ल्स होस्टल परिसर में रहने वाला चपरासी उनकी तरफ गंदे इशारे करता है पास आने को कहता है पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। किला मैदान रोड पर नवीन कन्या छात्रावास है। यहां एससी-एसटी की छात्राएं रहती हैं। छात्रावास में ही भंवरकुआं आदिम जाति कल्याण विभाग उपायुक्त कार्यालय का भृत्य प्रदीप रमेशचंद्र मालवीय(47) भी रहता है । वो रोजाना छात्राओं को गंदे इशारे करता था साथ में चलने को कहता था उनके सामने कपडे भी उतार देता था। छात्राएं उससे तंग आ चुकी थी। गुरूवार को वो होस्टल के वार्डन को लेकर मल्हारगंज थाने पहुंची। पुलिस को प्यून मालवीय की हरकतें बताई। पुलिस ने छात्राओं की रिपोर्ट पर केस दर्ज किया। मालवीय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि उसकी हरकत की जानकारी उसके विभाग के उपायुक्त को भी दे दी गई। उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी हो सकती है।

## नींद में ही आ गया हार्ट अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विजय नगर इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन अटैक की आशंका बता रहे हैं। पुलिस का कहना है पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति साफ होगी। मृतक का नाम हरवीर पिता नत्थाराम उम्र 40 साल निवासी सोलंकी नगर विजयनगर है। वह एक होटल में काम करता था। बताते हैं कि वह नींद में ही उसे हार्ट अटैक आ गया। पास सो रहे जीजा ने उसे जगाने की कोशिश की,पानी पिलाया लेकिन उसने पानी नहीं पीया तो पड़ोस के कमरे से अन्य परिजनों को जगाया। उसके परिजन उसे अचेत हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा ,जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम किया

## जिलाबदर होने के बाद भी घूम रहा था शहर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिलाबदर अवधि का उल्लंघन करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रावजी बाजार पुलिस के अनुसार साउथ तोड़ा रोड पर रहने वाले सोहेल को पिछले दिनों जिलाबदर कर दिया था उसके बाद भी सोहेल शहर में ही घूमकर लोगों को डरा धमका रहा था। पुलिस को सूचना बाद उसे पकड़ा गया।

## 61 साल के मकान मालिक पर केस

### 2 माह से नौकरानी से कर रहे थे छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विंध्याचल नगर में एक बंगले पर काम करने वाली 38 साल की महिला के साथ उसके 61 साल के बुजुर्ग मालिक ने छेड़छाड़ और गंदी हरकतें की। पीड़िता ने परेशान होकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच कर बुजुर्ग मकान मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।**

मल्हारगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 38 साल की महिला की शिकायत पर उसके मकान मालिक राजेन्द्र जैन के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि वह 10 जून से राजेन्द्र जैन के यहां काम कर रही है। 24 जून तक यहां सब ठीक रहा। 25 जून को जब किचन में वह खाना बनी रही थी। तब राजेन्द्र जैन आए और पीछे से पकड़ लिया। तब अंकल से कहा कि यह आप क्या कर रहे हैं। तब वह कहने लगे कि तुम्हारा भी पति नहीं है। इसके बाद जबरन हरकत की। फिर उनकी हरकतें बढ़ती गई। उन्हें समझाया कि वह मैं तरह की महिला नहीं हूं। लेकिन राजेन्द्र नहीं माने 8 सितंबर को खाना बनाने के दौरान फिर से राजेन्द्र पीछे से आए और पकड़ लिया। गाल और शरीर पर बैड टच किया। उनकी हरकत से परेशान होकर घर चली गई। बाद में मां को पूरी घटना बताई। काम पर जाना बंद कर दिया। इसके बाद परिवार से बात कर थाने पहुंची और केस दर्ज कराया।

## कम दहेज के ताने बाद पांच लाख दे दिए फिर भी प्रताड़ना

### इंदौर की बेटी ने दर्ज करवाया भोपाल के पति और सास पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शादी के बाद सास ने कम दहेज के ताने दिए तो बहू के भाई ने ससुराल वालों को पांच लाख रुपए देकर उन्हें संतुष्ट किया लेकिन पांच लाख मिलने के बाद भी उसके साथ प्रताडना कम नहीं हुई। पति ने पत्नी को इस बुरी तरह पीटा कि वह मजबूर में मायके आ गई। पति मनाकर वापस ससुराल ले गया लेकिन उसके बाद फिर से प्रताडित करना शुरु कर दिया। उसके बाद पीडिता ने पुलिस की शरण ली। महिला थाना पुलिस को फरियादी स्नेहा सेन निवासी स्कीम -74 ने शिकायत दर्ज करवाई कि 3 वर्ष पूर्व उनका विवाह भोपाल निवासी दीपक सेन से हुआ था। शादी के कुछ माह बाद पति और ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग की गई। स्नेहा ने पुलिस को बताया कि सास पार्वती सेन दहेज के लिए ताने मारंती है और बार-बार कहती है कि बेटे की शादी कहीं ओर होती तो अच्छा दहेज मिलता। पीडिता ने इस मामले की जानकारी जब अपने भाई को दी तो भाई ने 5 लाख रुपए भी दिए लेकिन इसके बाद भी लालची परिवार का प्रताडित करना बंद नहीं हुआ। 6 माह पूर्व पीडिता के साथ पति ने मारपीट भी की जिसके बाद वह इन्दौर अपने मायके आ गई तो उसे पति मनाकर वापस ले गया और फिर प्रताडित करना शुरू कर दिया। पुलिस ने पी ?ित की शिकायत पर पति और सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

## "आदित्य की आवाज़" के गणेशोत्सव विशेषांक का विमोचन केबिनेट मिनिस्टर विजयवर्गीय ने किया

### अखबार की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये शुभकामनाएं प्रेषित की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूरे देश दुनिया मे गणेशोत्सव की महोत्सव की धूम हैं जगह जगह गणेश पांडालों में आकर्षक साज सज्जा के साथ विभिन्न रचनात्मक, सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।इसी तारतम्य में आपके अपने लोकप्रिय अखबार 'आदित्य की आवाज' द्वारा भी गणेशोत्सव विशेषांक का प्रकाशन किया गया जिसमें गणेश जी के देश-विदेश के प्राचीन मंदिरों की जानकारियां, जगह जगह लगाए गए पांडालों में नयनाभिराम गणेश जी की झांकियों के रंगीन तस्वीरें,सचित्र विवरण सहित प्रकाशित किये गये हैं इसके अलावा इस त्यौहार का पौराणिक महत्व व दर्शनों के लाभ के बारे में भी विवरण सहित प्रदर्शित किया गया हैं।कल इंदौर के पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के जन्मदिन के अवसर पर 'बाबाश्री'गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मिनिस्टर कैलाश विजयवर्गीय ने अखबार के विशेषांक का विमोचन किया व अखबार की उन्नति के लिये शुभकामनाएं भी दी ।इस अवसर पर सचिन नीमा, सुरेश वर्मा,उमेश पांडे,जयेश शर्मा,आनंद शास्त्री,सजंय गुप्ता आदि उपस्थित थे।




## चंदन नगर से गंगा नगर जाने वाले मार्ग से हटाए डिवाइडर, आसान हुआ रास्ता

### कई दिनों से उक्त सड़क पर डिवाइडरों के कारण हो रही थी दुर्घटनाएं, क्षेत्रीय नेता सदाकत कुरैशी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से बात कर कराया समाधान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चंदन नगर से गंगा नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर बनाए गए डिवाइडरों के कारण पिछले कई महिनों से रहवासी और वाहन चालक परेशान हो रहे थे और साथ ही आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। इस मामले को लेकर क्षेत्रीय नेता ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को पूरे मामले से अवगत कराया जिसके बाद इस समस्या का समाधान सदाकत कुरैशी के माध्यम अंजाम तक पंहुचा। डिवाइडर हटाने के बाद वाहन चालक आसानी से गंगा नगर और आसपास के अन्य मार्गो पर आवागमन कर रहे थे।



विधानसभा 1 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 2 के चंदन नगर धार रोड पर डिवाइडर लगाए जाने के बाद सदाकत कुरैशी ने विधानसभा एक के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी मेंबर निरंजन सिंह गुड्डू से बात कर इस समस्या का निराकरण कराया। अवैध रूप से लगाए गए डिवाइडर के चलते चंदननगर से गंगानगर की ओर आने-जाने वाले वाहन चालक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसके चलते कई बार या तो एक्सीडेंट होते हैं या वाहन चालक द्वारा गलत तरीके से वाहन लेकर आ जाते हैं जिससे कई घंटे तक जाम की स्थिति बन जाती है वही पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं इस समस्या के समाधान के बाद वाहन चालकों का आवागमन सुगम हो गया है और इससे रहवासी भी खुश हैं। सदाकत जी ने मंत्री श्री विजयवर्गीय और महापौर श्री भार्गव का आभार माना है।

### वाहनों से क्षतिग्रस्त हुई सड़क

# महिलाओं ने कर दिया पानी से भरे गड्ढों में खड़े होकर प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। गांव अजीमबाद पारदी में रामनगर से पारदी गेट तक स्थानीय उद्योगों में आने वाले वाहनों के कारण बड़े बड़े गड्ढे हो गए, जिसको लेकर गांव की महिलाओं ने पानी से भरे गड्ढे में खड़े होकर प्रदर्शन किया। बता दें कि केमिकल डिवीजन, लैंक्सेस, आरसीएल, गोयल गैस एवं स्वास्तिक ड्रम फैक्ट्री सहित अन्य उद्योगों में 35 से 40 टन के भारी वाहन आ रहे है, जिससे गांव अजीमाबाद के रामनगर से पारदी गेट तक की सडक गड्ढे में**



तब्दील हो गई।

इधर, जनपद पंचायत सदस्य माया मनोहर बोड़ाना के नेतृत्व में ग्रामीण महिलाओं ने पानी के गड्ढे में खड़े होकर प्रदर्शन किया। महिलाओं का कहना था कि रिंगरोड़ से उद्योग में जाने वाले वाहनों के कारण सड़क में दो से ढाई फीट तक के गड्ढे हो गए, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मनोहर ने बताया कि गांव अजीमाबाद पारदी से पिली मिट्टी खोदकर कंपनी द्वारा तालाब का निर्माण किया, तालाब के लिए डम्फरों के माध्यम से मिट्टी केमिकल डिवीजन उद्योग में लाई गई, जिससे सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मप्र शासन के नियमानुसार प्रधानमंत्री सड़क से 9 से 12 टन की क्षमता वाले वाहन ही निकल सकते है, लेकिन वर्तमान में 35 से 40 टन तक के भारी वाहन निकल रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व सरपंच रणछोड़लाल आंजना ने बताया कि स्कूली जाने वाले बच्चे आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। प्रदर्शन के दौरान रामसिंह बोड़ाना, आजादसिंह, नागूलाल, प्रकाश, जीवनसिंह, मेहरबानसिंह, सुरेश चौधरी, मुन्ना जोशी, विजयसिंह, मोहनलाल सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रही।

### महाकाल मंदिर में शुरू हुई महामहिम के आगमन की तैयारी

# रंगाई पुताई के साथ गर्भगृह की भी हो रही सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। आगामी 19 सितंबर को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू धार्मिक नगरी उज्जैन आने वाली है। जहां पर वह विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन व पूजन दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेगी। राष्ट्रपति उज्जैन में कितनी देर रुकेगी इसका अधिकृत कार्यक्रम तो अभी नहीं आया है, लेकिन उनके आगमन की तैयारी महाकालेश्वर मंदिर में जरूर शुरू हो गई है। महाकालेश्वर मंदिर में रंगाई पुताई के साथ ही एक विशेष ग्रीन रूम तैयार किया जा रहा है जहां पर राष्ट्रपति पहुंचेगी।**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रही तैयारी की जानकारी देते हुए महाकालेश्वर मंदिर के सहायक प्रशासक मूलचंद जुनवाल ने बताया कि इंदौर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने आ रही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 सितंबर को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंचेगी। उनके आगमन को लेकर मंदिर में विशेष तैयारी की जा रही है। वर्तमान में मंदिर की



रंगाई पुताई किए जाने के साथ ही उस पूरे मार्ग को भी दूरस्त किया जा रहा है, जहां से राष्ट्रपति होकर गुजरेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोटि तीर्थ की सफाई के साथ ही गर्भगृह में रूद्र यंत्र, चांदी की दीवारों की भी सफाई की जा रही है।

### जहां से गुजरेगी महामहिम वहां बिछेगा कारपेट

महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाकालेश्वर मंदिर के जिस मार्ग से गुजरेगी, वहां सभी स्थानों पर रेट कॉर्पोरेट बिछाया जाएगा। इस दिन नंदी हॉल वह गर्भगृह की विशेष फूलों से साथ सजावट की जाएगी। वहीं इसके साथ ही शिखर दर्शन के नीचे एक ग्रीन रूम भी तैयार किया जा रहा है, जहां पर दर्शन के बाद राष्ट्रपति थोड़ी देर के लिए रुक सकती है।

**राष्ट्रपति भवन के सुरक्षा अधिकारी देखेंगे व्यवस्था-** श्री महाकालेश्वर मंदिर में वर्तमान में कई प्रकार की तैयारी की जा रही है लेकिन इन तैयारी के पूर्ण होने के बाद राष्ट्रपति भवन के सुरक्षा अधिकारी निरीक्षण करने पहुंचेंगे और फिर पूरी व्यवस्था अपने हाथों में लेंगे।

# खड़की गांव में मिले उल्टी-दस्त के 4 मरीज, फीवर से 16 लोग पीड़ित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** पांढ़ुर्णा जिले के बोरपानी, कौड़िया गांव के बाद अब खड़की गांव में गुरुवार को उल्टी-दस्त के मरीज मिले हैं। गांव में 4 लोग हैजा से पीड़ित हैं। वहीं 16 लोग सर्दी, तेज बुखार, हाथ-पैर दर्द से पीड़ित हैं। कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर बीएमओ डॉक्टर दीपेंद्र सलामे और उनकी टीम ने गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच शुरू कर दी है। स्वास्थ्य विभाग के विस्तार अधिकारी हरिराम कुमरे और उनकी टीम ने गांव के ट्यूबवेल और कुएं की जांच की तो मौके पर गंदगी मिली। जिसकी साफ-सफाई करने के निर्देश ग्राम पंचायत को दिए हैं। अधिकारी के मुताबिक जिन लोगों को उल्टी-दस्त हुआ है। उन्होंने एक दिन पूर्व का बासा खाना खाने की बात बताई है। विस्तार अधिकारी हरिराम कुमरे के मुताबिक खड़की गांव में रहने वाली जनावंती चंदन उईके 50 वर्ष, नवसा संतोष गजामें 53 साल, आरुषि केशव कवडेती 3 साल और हेमंत कमलेश कोकोड़े 5 वर्ष उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। जिनको दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं। वहीं 16 लोगों को वायरल फीवर हुआ है।

# अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग नहीं सुनी, पार्षद ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल जिले में पार्षद के कहने के बाद भी नगर पालिका अमले ने अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगाई। इससे नाराज पार्षद ने नगर पालिका पहुंच अपने ऊपर पेट्रोल डाल लिया और आत्मदाह की कोशिश की, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह घटना बीते दो दिनों पहले की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, शहर के वार्ड नंबर-30 के पार्षद दानिश अहमद ने अपने कुछ साथियों के साथ नगरपालिका कार्यालय में पहुंचकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पार्षद ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। पार्षद का कहना था कि उनके वार्ड में अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिसे बंद नहीं कराया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन उनके कहने के बाद भी मामले में कोई दखल नहीं दे रहा है। इसलिए वो व्यथित हैं।

दूसरी ओर पार्षद के इस कदम के बाद नगर पालिका प्रशासन की ओर से उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को पत्र लिखा है। इस घटनाक्रम की सूचना कलेक्टर सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई है। संबंधित पार्षद कांग्रेस पार्टी का बताया जा रहा है। नगरपालिका सीएमओ अक्षत बुंदेला द्वारा कोतवाली थाना प्रभारी को भेजे गए पत्र के मुताबिक वार्ड क्रमांक-30 के पार्षद दानिश अहमद द्वारा नगर पालिका कार्यालय के अंदर पेट्रोल



डालकर आत्महत्या का प्रयास किया गया। पत्र में कहा गया है कि पार्षद अपने 10-12 साथियों के साथ कार्यालय में उपस्थित हुए और नारेबाजी करने लगे। वे वार्ड क्रमांक 30 में रहने वाले सूरज वरगाही द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण को बंद कराने की मांग कर रहे थे। कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उन्हें बताया गया कि संबंधित व्यक्ति को विधिवत नोटिस दिए गए हैं और अवैध निर्माण रोके जाने की समझाइश भी दी गई है। इन्हीं चर्चाओं के बीच पार्षद दानिश अहमद द्वारा स्वयं के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया गया। किसी तरह से कार्यालय में उपस्थित अन्य पार्षदों द्वारा दानिश अहमद को समझाकर कार्यालय से बाहर किया गया। इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला ने कहा की दानिश अहमद द्वारा इस कृत्य की पुनरावृत्ति भी भविष्य में की जा सकती है।

# बाप-बेटे के शव रेलवे ट्रैक पर मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी मालवा।** नर्मदापुरम के सिवनी मालवा अंतर्गत आने वाले ग्राम रूपादेह निवासी एक ही परिवार के 3 लोगों के शव मिले हैं। संदीप लौवंशी (30) और उसके 5 साल के बेटे तक्षित लौवंशी की लाश रेलवे ट्रैक के पास ही बानापुरा में मिली है। इसके कुछ देर बाद पुलिस को सूचना मिली कि संदीप लौवंशी की पत्नी का शव भी घर में फंदे पर लटका मिला है। फिलहाल तीनों की मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बाप-बेटे शवों का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए सिवनी मालवा सामुदायिक केंद्र भेजा है। पिता-पुत्र के शव का पीएम चल रहा था। तभी सूचना आई की उपनगरी बानापुरा के नीचा बाजार मे घर पर संदीप की पत्नी पूजा लौवंशी का शव भी घर पर फंदे पर लटका मिला है।

# चना पुलाव में निकले चिकन के टुकड़े



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

जबलपुर। जबलपुर में एक युवक ने रेस्टोरेंट से चना पुलाव मंगवाया। लेकिन, बदले में उसे दुकानदार ने चिकन पुलाव थमा दिया। युवक को जब शक हुआ तो उसने खुद भी जांच की। दोस्तों को भी बताया, जिसके बाद पता चला कि इसमें चना की जगह चिकन आ गया है। नाराज युवक ने ओमती थाना पुलिस और फूड विभाग से शिकायत की है। उसका कहना है कि रेस्टोरेंट संचालक ने जानबूझकर ये गलती की है। इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। मामला जबलपुर के रसल चौक स्थित एक रेस्टोरेंट का है। रसल टाउन में रहने वाले आकाश कांत दुबे ने यहां से चना पुलाव मंगवाया किया था। उसका कहना है कि पहले भी कई बार कई रेस्टोरेंट से चना पुलाव ऑर्डर किए थे। ऐसा पहली बार हुआ है कि चना की जगह चिकन पुलाव दिया गया।

## संपादकीय

# युद्ध के दंश में मारे जा रहे लोग

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध में आम नागरिकों पर हमले और उनकी हत्या के औचित्य पर शुरू से सवाल उठते रहे हैं। मगर इजराइल ने शायद ही कभी इस बात की फिक्र की। अब एक बार फिर गाजा पट्टी में इजराइल के ताजा हमले में कम से कम उन्नीस लोगों की जान चली गई। खबरों के मुताबिक, इजराइल ने खान यूनिस शहर के जिस इलाके में यह हमला किया, वहां युद्ध में विस्थापित हुए फिलिस्तीनी लोगों ने शरण ली हुई है। इजराइली सेना ने इसे खुद मानवीय क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया है। इसके बावजूद वहां इस स्तर का हमला करना समझ से परे है। हालांकि, इजराइल का तर्क है कि यह हमला हमास के शीर्ष लड़ाकों को निशाना बनाने के इरादे से किया गया, जो वहां स्थित कमान एवं नियंत्रण केंद्र के भीतर काम कर रहे थे। अगर उसकी आशंका सही हो तो भी क्या बड़ी तादाद में आम लोगों की हत्या को उचित ठहराया जा सकता है? दुनिया भर में सशस्त्र संघर्षों या युद्ध की स्थिति में आम लोगों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कायदे-कानून की नियमावली तैयार की गई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भी युद्धकाल के दौरान मानव बस्तियों, शिक्षा संस्थानों, अस्पतालों और आपदा राहत व मानव सहायता केंद्रों या शरणस्थलों पर हमले को नियमों के गंभीर उल्लंघन की सूची में शामिल किया है। विडंबना यह है कि इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध हो या फिर रूस और यूक्रेन के बीच, आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों पर अमल जरूरी नहीं समझा जा रहा। गाजा पट्टी में इजराइल के हमलों में आम लोगों के हताहत होने की खबरें पहले भी कई बार आती रही हैं। हमास के लड़ाकों ने जब इजराइल की सीमा में घुसपैठ कर जनसंहार की वारदात को अंजाम देकर इस युद्ध की शुरुआत की थी तब इजराइल ने इसे अंतरराष्ट्रीय आम नागरिक सुरक्षा नियमों का गंभीर उल्लंघन बताया था। मगर अब इजराइल की ओर से गाजा पट्टी में हो रहे हमलों में जो तस्वीर सामने आ रही है, उसे कैसे उससे अलग रूप में देखा जाएगा! सवाल है कि अगर युद्ध के दौरान आम नागरिकों की सुरक्षा का खयाल नहीं रखा जाता है तब फिर अंतरराष्ट्रीय कायदे-कानूनों का क्या महत्त्व है? संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम देशों को इस पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**अर्ज़ किया है..!**

*किसी की ख़ामोशी पर ऐसे भरोसा कर के बैठे हैं,*
*किसी और के रात-दिन बोलने से कुछ नहीं होता*

-Dr. Kumar Vishwas

## महिला जगत

मीराबाई से लेकर अमृता प्रीतम और महादेवी वर्मा से सुभद्रा कुमारी चौहान समेत कई महिला लेखिकाओं और कवयित्रियों की रचनाएं स्कूल के पाठ्यक्रम में भी शामिल हैं। हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी साहित्य में योगदान देने वाली महिला लेखिकाओं और कवयित्रियों के बारे में जानिए।

**हिंदी दिवस 2024**

# हिंदी साहित्य में इन पांच लेखिकाओं का है विशेष योगदान

**भारत में हर साल 14 सितंबर का दिन राष्ट्रीय हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अंग्रेजी की बढ़ती मांग के कारण स्वदेश में ही हिंदी का इस्तेमाल कम होने लगा है। ऐसे में हिंदी के महत्व व उपयोगिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी बहुत ही समृद्ध है, जो कि भाषा के जरिए देश विदेश में बसे लोगों को जोड़ने का एक जरिया है।**



हिंदी की समृद्धता का आकलन इस बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय साहित्य में हिंदी विशेष योगदान दे रही है। हिंदी साहित्य में लिखी गईं बहुत सारी रचनाएं विश्व प्रसिद्ध हैं। वैसे तो हिंदी साहित्य पर पुरुषों का दबदबा शुरू से रहा लेकिन बहुत सी महिला लेखिकाओं और कवयित्रियों ने न केवल अपना स्थान बनाया, बल्कि हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने में खास भूमिका निभाई। अपनी लेखनी से उन्होंने महिला समस्याओं को बहुत प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया। मीराबाई से लेकर अमृता प्रीतम और महादेवी वर्मा से सुभद्रा कुमारी चौहान समेत कई महिला लेखिकाओं और कवयित्रियों की रचनाएं स्कूल के पाठ्यक्रम में भी शामिल हैं। हिंदी दिवस के मौके पर हिंदी साहित्य में योगदान देने वाली महिला लेखिकाओं और कवयित्रियों के बारे में जानिए।

## हिंदी की पांच लेखिकाएं

### महादेवी वर्मा

हिंदी साहित्य के छायावादी युग की सबसे प्रमुख साहित्यकारों में महादेवी वर्मा का नाम शामिल हैं। वह हिंदी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्रियों में से एक हैं। वह खड़ी बोली हिंदी में कोमल शब्दावली का उपयोग करती थीं। उन्होंने महिला स्वतंत्रता और अधिकारों के लिए अपने लेखन के जरिए आवाज उठाई। महादेवी वर्मा की प्रमुख रचनाएं हैं, आत्मिका, परिक्रमा, संधिनी, यामा, गीतपर्व, दीपगीत, स्मारिका, नीलांबरा।

### शिवानी

शिवानी हिंदी की प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं, जिन्हें अपनी लेखनी से बहुत शानदार कृतियां हिंदी साहित्य को समर्पित कीं। शिवानी हिंदी साहित्य की वह लेखिका थीं, जिनकी हिंदी के साथ ही संस्कृत, गुजराती, बंगाली, उर्दू और अंग्रेजी पर अच्छी पकड़ थी। शिवानी की ज्यादातर किताबों में भारत के कुमाऊं की संस्कृति पढ़ने को मिलती है। उनके अधिकतर उपन्यास और कहानियां नारी प्रधान रहीं।

### गीतांजलि श्री

गीतांजलि श्री के उपन्यास 'रेत समाधि' जिसका अंग्रेजी अनुवाद 'Tomb Of Sand' है, ने साल 202 का अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतकर इतिहास रच दिया। उनके लेख के जरिए विभाजन के बाद भारत के बारे में अंतर्दृष्टि पूर्ण खोज वैश्विक दर्शकों तक पहुंचा, जो हिंदी साहित्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

### मनु भंडारी

मनु भंडारी नई कहानी साहित्यिक आंदोलन की एक प्रमुख लेखिका हैं, जिनके 'महाभोज' और 'आपका बंटी' जैसी कृतियाँ भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य की आलोचनात्मक रचनाएं हैं। उनकी कहानी कहने की कला, अपनी सुस्पष्टता और गहराई के लिए जानी जाती है। मनु भंडारी राजनीतिक और सामाजिक संरचनाओं की पेचीदगियों को कुशलता से विच्छेदित करती है, जिस ने उन्हें समकालीन हिंदी साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान दिलाया।

### अमृता प्रीतम

दिल को छू लेने वाले साहित्य की बात हो तो अमृता प्रीतम का नाम आना जरूरी है। वह एक उपन्यासकार और कवयित्री थीं। उन्होंने हिंदी और पंजाबी दोनों भाषाओं में लेखन कार्य किया। उन्हें पहली पंजाबी महिला कवि भी माना जाता है। विभाजन के दौर की उनकी कहानी पिंजर में महिलाओं की स्थिति को लिखा गया है।

New Delhi

# फाइल पर दस्तखत नहीं कर पाएंगे, दफ्तर नहीं जा पाएंगे... जानें- किन शर्तों पर मिली केजरीवाल को जमानत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कथित शराब घोटाले में केजरीवाल को सीबीआई के केस में भी सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है. उन्हें ईडी के मामले में पहले ही जमानत मिल गई थी. अब सुप्रीम कोर्ट से उन्हें सीबीआई के मामले में भी जमानत मिल गई है. इससे अब उनके जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है.

हालांकि, जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं. जमानत के लिए उनपर वहीं शर्तें लागू होंगी, जो ईडी के मामले में जमानत देते हुए लगाई गई थीं. जेल से बाहर आने के बाद केजरीवाल किसी भी फाइल पर दस्तखत नहीं कर पाएंगे. इसके साथ ही उनके दफ्तर जाने



पर भी पाबंदी रहेगी. इतना ही नहीं, इस मामले में वो कोई बयान या टिप्पणी भी नहीं कर सकेंगे.

### जमानत के लिए क्या शर्तें होंगी

- अरविंद केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही सचिवालय जा सकेंगे.
- किसी भी सरकारी फाइल पर तब तक दस्तखत नहीं करेंगे जब तक ऐसा करना जरूरी न हो.
- अपने ट्रायल को लेकर कोई सार्वजनिक बयान या टिप्पणी नहीं करेंगे.
- किसी भी गवाह से किसी तरह की बातचीत नहीं करेंगे.
- इस केस से जुड़ी किसी भी आधिकारिक फाइल तक पहुंच नहीं रखेंगे.
- जरूरत पड़ने पर ट्रायल कोर्ट में पेश होंगे और जांच में सहयोग करेंगे.

Punjab

# पंजाब में खालिस्तानी ठिकानों पर गिरी NIA की गाज, कई ठिकानों पर छापा




**चंडीगढ़, (एजेंसी)** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने शुक्रवार को पंजाब में खालिस्तानी नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। आतंकवादी नेटवर्क की चल रही जांच के तहत की गई छापेमारी में मोंगा, अमृतसर, गुरदासपुर, जालंधर और अन्य इलाकों में 14 ठिकानों में तलाशी की जा रही है। लंदन में पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले में मामले में NIA ने बड़ा एक्शन लिया है। लंदन हमले की एनआईए की जांच में महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। इससे पहले 5 सितंबर को एजेंसी ने अफगान मूल के यूके नागरिक इंद्रपाल सिंह गाबा के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी। गाबा पर पिछले साल 22 मार्च को भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शन में भाग लेने का आरोप है।

गौरतलब है कि इंद्रपाल सिंह गाबा, जिसे 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था, को पहले दिसंबर 2023 में लंदन से पाकिस्तान के रास्ते आने पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में लिया था। चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि गाबा ने विरोध प्रदर्शन में भाग लेकर अलगाववादी एजेंडे में हिस्सा लिया था। इसका उद्देश्य अमृतपाल सिंह और उनके संगठन वारिस पंजाब दे पर चल रही कार्रवाई को प्रभावित करना था। कथित तौर पर भारतीय उच्चायोग पर यह हमला खालिस्तानी मकसद को आगे बढ़ाने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा था। एनआईए की जांच से पता चला है कि अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की कार्रवाई के जवाब में लंदन हमला किया गया था।

New Delhi

# उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर तक भारी बारिश, 47 लोगों की मौत; 14 राज्यों के लिए अगले तीन दिन भारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिमी हिमालयी राज्यों से लेकर पूर्वोत्तर भारत के लगभग सभी राज्यों में मूसलाधार बारिश हो रही है। पश्चिम में राजस्थान, मध्य भारत में मध्य प्रदेश और पूर्वी भारत में ओडिशा और झारखंड में भी झमाझम मेघ बरस रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश ने 36 घंटों में 47 लोगों की जान ले ली। इनमें उत्तर प्रदेश में 32, मध्य प्रदेश में 11 और राजस्थान में चार मौतें शामिल हैं। ज्यादातर मौतें दीवार और घर गिरने से हुई हैं। हादसों में 38 लोग घायल भी हुए हैं। वहीं, उत्तराखंड में बारिश और भूस्खलन के चलते बुरा हाल है। केदारनाथ यात्रा रोक दी गई है और शुक्रवार को प्रदेश में सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। मौसम विभाग ने अभी तीन दिन और हिमाचल और उत्तराखंड समेत 14 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले तीन दिन उत्तर से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। इन राज्यों में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड शामिल हैं। आईएमडी ने कहा कि मध्य भारत में बने गहरे कम दबाव के क्षेत्र की वजह से यूपी और उत्तराखंड में भारी बारिश होगी।

Rajasthan

# पिता ने रेता 12 साल की बेटी का गला, फिर ट्रक के आगे कूदा, 2 महीने पहले मायके चली गई थी पत्नी

**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर से एक दर्दनाक घटना सामने आई है. जहां एक पिता ने अपनी 12 साल की बेटी का गला रेतकर उसकी हत्या कर दी. फिर ट्रक के आगे कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया. बताया जा रहा है कि पारिवारिक विवाद के चलते आरोपी की पत्नी छोटी बेटी को लेकर मायके चली गई थी और मृतका अपने पिता के साथ बुजुर्ग दादा-दादी के साथ रहे रही थी.

पुलिस ने बताया कि बहरोड़ सदर थाना क्षेत्र के बर्डोद में रहने वाला नरेंद्र जाट (35 साल) ने अपनी 12 साल की बेटी विनीता की गला रेतकर हत्या की. इसके बाद नरेंद्र ने घर के सामने से गुजर रहे ट्रक के आगे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया. ट्रक की रफ्तार धीरे थी इसलिए वो बच गया और उसके सिर पर हल्की चोट आई. घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और 12



साल की बेटी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

डॉग स्क्वायड व एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि हम दोनों आत्महत्या कर रहे हैं. लेकिन आरोपी की पत्नी सुमन ने पति के खिलाफ थाने में बेटी की हत्या का मामला दर्ज कराया है. सुमन ने लिखित शिकायत में पुलिस को बताया कि 13 साल पहले उसकी शादी नरेंद्र

खेल

# 4,4,6,6,6,4: हेड ने सैम की जमकर धुनाई की, जैम्पा की घातक गेंदबाजी

## ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 28 रन से हराया

**साउथैम्पटन।** ऑस्ट्रेलिया ने साउथैम्पटन में खेले गए पहले टी20 मुकाबले में इंग्लैंड को 28 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। पहले बल्लेबाजी करते हुए मिचेल मार्श की टीम ने 19.3 ओवर में 179 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 19.2 ओवर में 151 रन पर सिमट गई। इस मैच में ट्रेविस हेड ने 59 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने सैम करन की खूब धुनाई की। वहीं, एडम जैम्पा, जोश हेजलवुड और शॉन एबॉट ने घातक गेंदबाजी की। सीरीज का दूसरा मुकाबला 13 सितंबर को कार्डिफ में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के अस्थाई कप्तान फिल सॉल्ट ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू शॉर्ट और ट्रेविस हेड ने पारी की शुरुआत की। पारी के पांचवें ओवर में हेड ने सैम करन के ओवर में 30 रन बटोरे। इनमें तीन चौके और तीन छक्के शामिल हैं। हेड ने करन के ओवर की तीसरी, चौथी और पांचवीं गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़े। पहली, दूसरी और आखिरी गेंद पर तीन चौके आए।



हेड पिछले कुछ समय से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सभी को चौंकाया है। उन्होंने शॉर्ट के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी निभाई। हेड 23 गेंद में आठ चौके और चार छक्के की मदद से 59 रन की पारी खेली। वहीं, शॉर्ट ने 26 गेंद पर चार चौके और दो छक्के की मदद से 41 रन की पारी खेली। कप्तान मिचेल मार्श ने दो रन और जोश इंग्लिस ने 27 गेंद में 37 रन बनाए। मार्कस स्टोइनिस 10 रन, कैमरन ग्रीन 13 रन, शॉन एबॉट चार रन और एडम जैम्पा पांच रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम डेविड और जेवियर बार्टलेट खाता नहीं खोल सके। इंग्लैंड की ओर से लियाम लिविंगस्टोन ने तीन विकेट लिए। वहीं, जोफ्रा आर्चर और साकिब महमूद को दो-दो विकेट मिले। सैम करन और आदिल रशीद को एक-एक विकेट मिला।

180 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम के लिए सबसे ज्यादा रन लिविंगस्टोन ने बनाए। उन्होंने 27 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 37 रन की पारी खेली। कप्तान सॉल्ट ने 12 गेंद में 20 रन, विल जैक्स ने छह रन, जॉर्डन कॉक्स ने 17 रन, जैकब बेथेल ने दो रन, करन ने 18 रन, जेमी ओवरटन ने 15 रन, जोफ्रा आर्चर ने चार रन, आदिल रशीद ने सात रन और साकिब महमूद ने 12 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एबॉट ने तीन विकेट लिए। वहीं, हेजलवुड और जैम्पा को दो-दो विकेट मिले। जैम्पा ने चार ओवर में महज 20 रन खर्च किए। इसके अलावा बार्टलेट, ग्रीन और स्टोइनिस को एक-एक विकेट मिला।

सिनेमा

# सिद्धांत चतुर्वेदी को मिला था ब्रह्मास्त्र का ऑफर, पिता की वजह से कर दिया था रिजेक्ट; बोले थे- तुझे कौन देखेगा



ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन जैसे एक्टर्स थे और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर हिट साबित हुई थी। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया कि फिल्म में रोल के लिए बातचीत शुरुआती दौर में ही थी। सिद्धांत ने कहा, 'उस समय चर्चा काफी शुरुआती समय में थी। मैं तो कुछ नहीं था, सिर्फ एक स्ट्रगलर ही था। मैं अयान मुखर्जी, धर्मा और ब्रह्मास्त्र को मना करने वाला कौन होता हूं।' उन्होंने बताया कि फिल्म में अमिताभ बच्चन के स्कूल में स्टूडेंट के रोल के लिए उनके नाम पर विचार किया गया था। धर्मा प्रोडक्शन के साथ तीन फिल्मों की डील करना काफी लुभाने वाला था, लेकिन उनके पिता को लगा कि यह सही नहीं होगा। एक्टर ने कहा, 'वे उस समय स्क्रिप्ट लिख रहे थे और मैं काफी एक्साइटेड था। मैं कर भी लेता, लेकिन मेरे पिता ने मुझे ऐसा नहीं करने दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम इससे बेहतर हो। मैं काफी खुश था कि मुझे धर्मा प्रोडक्शन से तीन फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट मिलने वाला है। मैं अयान से भी मिला और उन्होंने मुझे फिल्म के विजन के बारे में बताया। मैंने उस समय तक ऐड्स ही किए थे तो मैं कुछ भी नहीं था। मैंने अपने पिता से बताया कि फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन हैं तो उन्होंने मुझसे कहा कि तो तुझे कौन देखेगा।

## Highlights

1. Video shows Sisodia & Atishi hugging after SC grants Kejriwal bail
2. Isn't faith supposed to be equal: Goenka on 'unequal treatment' at Lalbaugcha Raja
3. Odisha approves 10% quota for ex-Agniveers in state's uniform services
4. Nurse cuts doctor's genitals to escape gangrape attempt at hospital in Bihar
5. CBI must show it's an uncaged parrot: SC as it grants bail to Arvind Kejriwal

# WhatsApp Business new verified badge and AI tools: All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Meta announced new features including the full availability of a verified badge for small businesses to establish credibility and credentials with consumers. The company also spotlighted Artificial Intelligence tools for enhancing the messaging experience. For the WhatsApp Business app, Meta will make it easy to activate AI directly to enable businesses to engage more efficiently with their customers which it had recently started testing this in India.

The company also announced customised messages on the WhatsApp Business app and said that features and updates will help businesses across the country build a presence and create great in-chat experiences for customers.

It also announced WhatsApp Bharat Yatra - an outreach to various tier 2 and 3 cities in India for




offering on-ground, in-person training to small businesses. The company will train small businesses in setting up their WhatsApp Business accounts, creating catalogues and educating them on how to set up ads that click to WhatsApp.

Meta India, Vice President Sandhya Devanathan noted, “The way we WhatsApp a business has only continued to grow. The manner in which Indians are WhatsApping businesses is second to none.” "Millions of small businesses use the WhatsApp Business app in India, and they frequently tell us that they want to stand out and build credibility with their customers. Now, Meta Verified is available to all eligible small businesses in India using the WhatsApp Business app," according to a Meta release.

"This new feature, available for a fee, gives businesses the ability to send personal messages with a customer's name and customisable call-to-action buttons and will also enable them to schedule the day and time the messages are sent," the release said.

# TCS India employees get tax notices, firm asks them to wait before paying: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Several Tata Consultancy Services (TCS) employees reportedly received tax notices from the income-tax department over alleged discrepancies in their tax deduction at source (TDS) claims.

Moneycontrol reported citing sources in the know that the company has asked the employees to wait for further instructions before




paying the demanded amount which varies from ₹50,000 to ₹1.5 lakh.

“Associates that received the notice will receive a rectification intimation in due course and are not required to pay any demand amount. Once the tax authorities send the rectification intimations, the discrepancies should be resolved,” the company told its employees in an internal mail cited by the report.

The report also claimed sources as saying that there is a possibility that authorities committed a mistake in processing the filed returns. The assessing officer has the power to amend the notice, it added.

# वार्ड 83 उपचुनाव में फिर भाजपा

## 4255 वोटों से जीते राठौर, कांग्रेस को मिले 2235, 6 उम्मीदवार थे मैदान में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वार्ड 83 के उप चुनाव में फिर भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई। भाजपा के जीतू राठौर को 6490 वोट मिले हैं। जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार विकास जोशी को 2235 वोट मिले हैं। भाजपा उम्मीदवार 4255 वोटों से चुनाव जीत गए।**

शुक्रवार को नेहरू स्टेडियम में मतगणना सुबह 9 बजे शुरू हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र रघुवंशी ने बताया कि मतगणना के लिए 15 टीमें बनाई थी। 11 टेबलों पर गणना हुई और 4 टीमें रिजर्व में थीं। पार्षद कमल लड्?ढा के निधन के बाद यहां उपचुनाव हुए हैं। बुधवार को वोटिंग हुई थी। भाजपा से जीतू राठौर, कांग्रेस विकास जोशी सहित 6 उम्मीदवारों मैदान में थे।



इस उप चुनाव में खास बात यह रही की बीजेपी का गढ़ कहे जाने वाले इस वार्ड में मतदाताओं ने चुनाव में ज्यादा रुचि नहीं दिखाई। इस वार्ड में 11 सितंबर को 41.32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। जो पिछली बार से कम है। 21 हजार 700 मतदाताओं में से महज 8900 वोटर्स ने ही वोट डाले। 2022 में हुए चुनाव में इस वार्ड से बीजेपी के कमल लड्?ढा की जीत 8803 वोट से हुई थी। कमल लड्?ढा को उस समय 11 हजार 280 वोट मिले थे। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के आशीष लाहोटी को 2 हजार 477 वोट मिले थे। इंदौर नगर निगम चुनाव में कमल लड्?ढा की जीत सबसे बड़ी जीत थी। बता दें कि इस वार्ड में अब लड्?ढा के निधन के बाद यहां उपचुनाव हुआ है। वहीं वार्ड 83 के बाद सबसे बड़ी जीत वार्ड 81 में बीजेपी के अभिषेक बबलू शर्मा की हुई थी। शर्मा 8 हजार 696 वोट से जीते थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक